दिनांक 21.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान ने निगम क्षेत्रान्तर्गत मच्छर उन्मुलन के दिये गये निर्देशानुसार फागिंग एवं एण्टी लार्वा ऑपरेशन के तहत् छिड़काव कार्य निरंतर जारी है। माह नवम्बर के तृतीय सप्ताह में व्हीकल माउंटेंड फागिंग मशीन द्वारा नेहरु नगर जोन अंतर्गत वार्ड 08 रानी अवंती बाई कोहका में न्यू सुन्दर नगर, टाटा लाईन, बजरंगपारा, पांच रास्ता, एकता भवन चौक, रावणभाठा स्पर्श अस्पताल, डॉ0 जोशी मार्ग, कान्ट्रेक्टर कालोनी, वार्ड 69 शहीद कौशल दक्षिण में एचआईजी, एमआईजी–01,02 के सभी मार्ग वार्ड 70 शहीद कौशल उत्तर में सड़क 01 से सभी सड़को एलआईजी एवं एमआईजी–01 मार्ग, बी. मार्केट, ए. मार्केट क्षेत्र, वार्ड 09 कोहका पुरानी बस्ती में मंगल बाजार, साकेत नगर, आर्य नगर एवं शीतला तालाब, के आसपास मैलाथियान के धुएं का छिड़काव कराया गया। मौसमी बिमारियों के रोकथाम के लिए निर्धारित कार्यक्रम अनुसार द्वितीय चरण अंतर्गत नवम्बर माह के तृतीय सप्ताह में वार्ड 17 वृन्दानगर में अटल आवास के पास अर्जून नगर, वार्ड 28 छावनी बस्ती, में शंकर नगर, लक्ष्मण नगर, वार्ड 06 सुपेला बाजार में गणेश मंच, इंदिरा नगर में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर शिविर में आये 72 मरीजों का पंजीयन कर रोग निरोधक दवाईंयां दी गई। बुखार से प्रभावित 02 मरीजों का खुन जांच हेतु रक्त पट्टिका तैयार कर लैब भेजा गया। मच्छरों के उन्मुलन हेतु हैण्डसेट फागिंग मशीन द्वारा 800 एमएल मैलाथियान के धुएं का छिड़काव एवं एण्टी लार्वा ऑपरेशन के तहत् स्प्रेयर पंप द्वारा 3100 एमएल मैलाथियान का छिड़काव करवाया गया। स्वास्थ्य दल द्वारा शिविर में आये मरीजों को घर के आसपास साफ–सफाई रखने, घर से निकलने वाले जैविक एवं सुखे कचरे पृथक–पृथक रिक्शा चालकों को देने, नाली के बहते पानी में कचरा डालकर रुकावट न डालने तथा वार्ड में मितानिनों को प्रभार वार्ड, मोहल्ले तथा क्षेत्र में आम नागरिकों को स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरित करने की स्वास्थ्य शिक्षा दी गई।

जनसम्पर्क अधिकारी